जनपद – संतकबीरनगर*   *प्रेस विज्ञप्ति*   *दिनॉक 11.11.2023

आज दिनांक 11.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

मिशन शक्ति 4.0 के तहत थाना मेहदावल पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे “मिशन शक्ति फेज 4" अभियान के तहत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मेहदावल ***श्री अम्बरीष सिंह भदौरिया*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना मेहदावल पुलिस*** द्वारा मु0अ0सं0 478/2023 धारा 376 / 363 / 366 / 120बी / 504 / 506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त नरेश यादव पुत्र हरिलाल यादव निवासी रक्शा थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री राजेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल गिरिजेश कुमार।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 58 वाहनों से 56,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया

आज दिनांक 11.11.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 58 वाहनों से 56,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।